# नौतपा के बीच राहत की बौछार

**ग्वालियर चंबल में 31 मई तक आंधी, ओलावृष्टि और वज्रपात के आसार**



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** नौतपा की भीषण तपिश और लू के थपेड़ों से झुलस रहे ग्वालियर वासियों के लिए शुक्रवार की सुबह और शाम बड़ी राहत लेकर आई। गुरुवार शाम से मौसम में आए बदलाव के बाद शुक्रवार तड़के आसमान में काले बादलों ने डेरा डाल लिया। सुबह करीब 6 बजे शहर के कई हिस्सों में तेज तो कहीं रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया, जो सुबह 10 बजे तक रुक-रुक कर जारी रहा। दोपहर में हल्की धूप निकली फिर शाम 7 बजे इस रिमझीम बारिश से नौतपा के तीखे तेवर पूरी तरह ढीले पड़ गए हैं। मौसम सुहाना होने से शहरवासियों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली है। इस दौरान शहर में 10 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

**रात के तापमान में 7.6 डिग्री की भारी गिरावट :** मौसम में आए इस अचानक बदलाव का सीधा असर तापमान पर देखने को मिला है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट के साथ 22.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो सामान्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम है। गौरतलब है कि गुरुवार को न्यूनतम तापमान 30.0 डिग्री और अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को दिनभर घने बादल छाए रहने और धूप के तीखे तेवर गायब होने से अधिकतम तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र, के अनुसार वर्तमान में एक साथ कई मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं जम्मू-कश्मीर और उससे सटे उत्तरी पाकिस्तान में चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में एक तीव्र आवृत्ति का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरी झारखंड में भी चक्रवातीय परिसंचरण बना हुआ है।

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में मानसूनी गतिविधियां शुरू होने से हवाओं का रुख दक्षिणी हो गया है, जिससे अंचल में भारी मात्रा में नमी आ रही है।

### देर रात फिर तेज आंधी

मौसम विभाग ने ग्वालियर-चंबल अंचल के लिए अगले दो से दो दिनों का 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। आज देर रात फिर तेज आंधी आई जिससे जन-जीवन प्रभावित हुआ है मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अंचल में 31 मई तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इस दौरान धूल भरी आंधी 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार, आकाशीय बिजली चमकने के साथ-साथ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी प्रबल आशंका जताई गई है।

## नाला निर्माण में मिली लापरवाही, सहायक यंत्री को नोटिस जारी

**ग्वालियर 29 मई।** नाला निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने पर प्र. सहायक यंत्री जनकार्य विभाग क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23 रजनीश गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23 शिल्पा दिनकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वार्ड क्रमांक 64 में ग्राम शंकरपुर उद्योग नगरी से हाईवे तक नाला निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा जारी किए गए टेंडर के अनुसार नाला निर्माण का कार्य 01 गुणा 0.9 मीटर का किया जाना था। किंतु ठेकेदार ने नाला निर्माण की लंबाई चौड़ाई बढाकर 1.5 गुणा 1.5 मीटर कर दी। इसके चलते राषि 250 मीटर नाला निर्माण का कार्य पूर्ण होने से पहले खत्म हो गई और कार्य अधूरा रह गया। निगम आयुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्र. सहायक यंत्री जनकार्य विभाग क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23 रजनीश गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 23 शिल्पा दिनकर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

# 15 दिन में मांगें पूरी नहीं हुईं तो कर्मचारी करेंगे बहिष्कार

**स्थायी कर्मी संघ ने कुलगुरु, कुलसचिव व वित्त नियंत्रक को सौंपा 10 सूत्रीय ज्ञापन**



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** जीवाजी विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मी संघ ने शुक्रवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कुलगुरु प्रो. राजकुमार आचार्य, कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा और वित्त नियंत्रक आशुतोष खरे को 10 सूत्रीय मांगों के साथ एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी जायज मांगों का समाधान नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन करते हुए कार्य बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मचारी लंबे समय से अपनी मूलभूत सुविधाओं और हकों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण कर्मचारियों में भारी आक्रोश है।

संघ द्वारा सौंपे गए 10 सूत्रीय ज्ञापन में मुख्य रूप से सातवां वेतनमान लागू करना, 10 प्रतिशत एचआरए, देना, रिक्त पदों पर स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण करना और अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करना शामिल है।

दूसरी ओर, वित्त नियंत्रक आशुतोष खरे ने भी वित्तीय मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि एचआरए समेत अन्य सभी वित्तीय मामलों का नियमानुसार त्वरित निराकरण किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कुलसचिव ने मौके पर ही दिए निर्देश

ज्ञापन सौंपने के दौरान ही कुलसचिव डॉ. राजीव मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही सहायक कुलसचिव कुलदीप चौहान को फोन पर कड़े निर्देश दिए। कुलसचिव ने कहा कि तीन दिवस के भीतर हर हाल में रोस्टर तैयार कर नियमितीकरण समिति का प्रस्ताव उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए, ताकि इस प्रक्रिया को बिना किसी देरी के शीघ्र पूरा किया जा सके। राजकुमार आचार्य ने कहा कि यदि अन्य नियमित कर्मचारी संगठनों को परिसर में कमरा आवंटित किया गया है, तो स्थापित नियमों के तहत स्थायी कर्मी संघ को भी कार्यालय के लिए उपयुक्त कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा और उसका जीर्णोद्धार भी कराया जाएगा।

# सभी शासकीय भवनों पर सोलर प्लांट स्थापित होंगे- शुक्ला

**रेस्को परियोजना अंतर्गत सोलर प्लांट के लिये हुए विद्युत क्रय अनुबंध**




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासकीय भवनों की छतों पर रेस्को पद्धति अंतर्गत सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाकर बिजली बचत के साथ-साथ शून्य निवेश से बिजली की बचत का कार्य किया जा रहा है। योजना के तहत ग्वालियर के 30 शासकीय भवनों पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाने का अनुबंध शुक्रवार को प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला की उपस्थिति में हुआ।

राकेश शुक्ला ने कहा कि 'प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत एक वर्ष में प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में सोलर रूफ टॉप संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये प्रदेश के प्रत्येक जिले में एक नोडल एजेंसी भी नियुक्त की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप 'प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक संयंत्र स्थापित करने का कार्य किया जा रहा है।

ग्वालियर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में विधायक भितरवार मोहन सिंह राठौर, विधायक ग्वालियर ग्रामीण श्री साहब सिंह गुर्जर, ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, ग्वालियर मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री अशोक जादौन, ग्वालियर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक शर्मा, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, सौर ऊर्जा विभाग के एमडी अमनवीर सिंह, नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय, सीईओ जिला पंचायत श्री सोजान सिंह रावत सहित विभिन्न विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित थे।

ऊर्ज विकास निगम के एमडी अमनवीर सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड द्वारा प्रदेश के शासकीय भवनों को रेस्को मोड में सौर उर्जीकृत करने हेतु एक जिला-एक रेस्को की तर्ज पर 55 जिलों के लिये 48 मेगावॉट क्षमता के 1300 शासकीय भवनों के लिये जिलेवार निविदा जारी की गई।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि केन्द्र सरकार की शासकीय भवनों पर सोलर संयंत्र लगाने की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत ग्वालियर जिले में अधिक से अधिक शासकीय भवनों पर संयंत्र स्थापित किए जायेंगे। बैठक में ग्वालियर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मधुसूदन भदौरिया, मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन एवं विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने भी अपने-अपने संस्थानों में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अधिक से अधिक संयंत्र स्थापित करने की मंशा व्यक्त की।

## अपर आयुक्त ने की राजस्व वसूली एवं ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष में निर्धारित किए गए लक्ष्य के अनुरूप हर हाल में राजस्व वसूली करें तथा 100 प्रतिशत सभी के ट्रेड लाइसेंस रिन्यू तो करायें, साथ ही नये ट्रेड लाइसेंस भी बनायें। बैठक में नोडल अधिकारी राजस्व अनूप लिटोरिया, कार्यालय अधीक्षक राजस्व प्रमेन्द्र जादौन एवं राजस्व कर संग्रहक उपस्थित रहे।

बाल भवन के टीएलसी कक्ष में आयोजित बैठक में अपर आयुक्त प्रदीप तोमर ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि बकाया राजस्व वसूली 100 प्रतिशत करना ही है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष के राजस्व की वसूली भी करना है। बैठक में ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा के दौरान कम ट्रेड लाइसेंस बने होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारियों का लक्ष्य निर्धारित कर ट्रेड लाइसेंस बनाने के साथ ही पुराने ट्रेड लाइसेंस को 100 प्रतिशत रिन्यूअल करने के निर्देश दिए।

# नुकसान का जायजा लेने ग्राउंड जीरो पर पहुंचे ऊर्जा मंत्री

**प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने गुरुवार रात आई आंधी और बारिश से उपनगर ग्वालियर में कई क्षेत्रों में वृक्ष गिरने से विद्युत लाइनों तथा खंभों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल ग्राउंड ज़ीरो पर पहुँचकर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा राहत एवं पुनर्स्थापना कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने 4 फीडरो पर विधुत व्यवस्था देखी। ऊर्जा मंत्री तोमर ने माँ वैष्णोंपुरम, चंदनपुरा, श्याम बाबा का मंदिर, राठौर चौक, गदाईपुरा पहुंचकर विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आंधी-पानी के कारण जिन इलाकों में विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था कर विद्युत आपूर्ति बहाल करें।

प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों से संवाद करते हुए ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बिजली विभाग की टीमें पूरी तत्परता और तेजी से कार्य कर रही हैं। शीघ्र ही सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल प्रदर्शन

**ढोल-मंजीरे और भजन-कीर्तन के जरिए कांग्रेस ने जनविरोधी नीतियों का किया विरोध**




**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव के नेतृत्व में कांग्रेस ने आज थाठीपुर सब्जी मंडी पर बेलगाम महंगाई, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों के विरोध में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ठेले पर दो पहिया वाहन रखकर, ढोल-मंजीरे बजाकर और भजन-कीर्तन करते हुए नारों की तख्तियां लेकर सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद की।

लोगों को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि गलत आर्थिक नीतियों ने देश और प्रदेश की जनता को महंगाई की आग में झोंक दिया है। आज गरीब, मजदूर, किसान, मध्यमवर्गीय परिवार और छोटे व्यापारी सभी महंगाई की मार से परेशान हैं। रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, दालें, आटा, चावल, दूध, सब्जियां, मसाले, बिजली बिल, स्कूल फीस और दवाइयों तक के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे घर चलाना मुश्किल हो गया है। गरीब आदमी का चूल्हा ठंडा पड़ रहा है, और मध्यम वर्ग का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है। भाजपा ने महंगाई कम करने का वादा करके सत्ता हासिल की थी, वही सरकार आज महंगाई बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण बन गई है। जनता की जेब खाली हो रही है। आम जनता रोज-रोज बढ़ती महंगाई से त्रस्त होकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने के लिए संघर्ष कर रही है।

आंदोलन में विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार, संजय सिंह राठोर, प्रेम सिंह यादव, चतुर्भुज धनोलिया, सुधीर मंडेलिया, अवधेश कौरव, देवेन्द्र चौहान, वीणा भारद्वाज, गायत्री मंडेलिया, संजना राजावत, सुनीता तौमर, प्रीती शर्मा, अर्चना चतुर्वेदी, बेताल सिंह, राजेश तौमर, भूपेन्द्र तौमर मिक्की, दिनेश चौरसिया, अनुप श्रीवास्तव, आदित्य सेंगर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

# वेतन वृद्धि के लिए व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर, 29 मई।** व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षकों ने वेतन वृद्धि एवं अन्य मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रशिक्षकों ने आरोप लगाया कि नई शिक्षा नीति में व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दिए जाने और प्रधानमंत्री द्वारा कौशल आधारित शिक्षा पर लगातार जोर देने के बावजूद मध्यप्रदेश में व्यावसायिक प्रशिक्षकों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। जिन लोगों के कंधों पर व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, उनकी समस्याओं की ओर सरकार और संबंधित कंपनियां ध्यान नहीं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 10 वर्षों से वे मात्र 20 हजार रुपये वेतनमान पर कार्य कर रहे हैं, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है। उच्च शैक्षणिक योग्यता और कौशल के बावजूद अन्य राज्यों की तुलना में उन्हें आधा वेतन दिया जा रहा है। पहले उन्हें 13 आकस्मिक सवेतन अवकाश दिए जाते थे, लेकिन बिना किसी लिखित आदेश के कंपनियों द्वारा इन्हें अचानक बंद कर दिया गया। केंद्र सरकार द्वारा लागू नए श्रम कानूनों में सीएल, मेडिकल लीव तथा कामकाजी महिलाओं के लिए सवेतन मातृत्व अवकाश का प्रावधान किया गया है, लेकिन व्यावसायिक शिक्षा से जुड़ी कंपनियां इन नियमों का पालन नहीं कर रही हैं। कंपनियों द्वारा श्रम कानूनों को नजरअंदाज कर उनका शोषण किया जा रहा है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया और मांगों पर जल्द कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन की प्रतियां शिक्षा मंत्री, संयुक्त संचालक भोपाल तथा आयुक्त श्रम विभाग को भी सूचनार्थ भेजी गई हैं।

# गंभीरता से करें नाला एवं सीवर सफाई का कार्य : निगमायुक्त



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** नाला सफाई एवं सीवर लाइन सफाई के कार्य में कोई लापरवाही न बरतें, संबंधित अपर आयुक्त एवं अधीक्षण यंत्री प्रतिदिन सफाई कार्य का रिव्यू करें एवं प्रतिदिन की रिपोर्ट दें। जिससे कार्य कराने में समस्या न हो। उक्ताशय के निर्देश निगमायुक्त संघ प्रिय ने नाला सफाई एवं सीवर लाइन की सफाई कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

बाल भवन के एक्यू आई सेंटर में आयोजित समीक्षा बैठक में अपर आयुक्त टी प्रतीक राव, प्रदीप तोमर, मुनीष सिकरवार, अधीक्षण यंत्री एसएल बाथम, सभी कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में निगमायुक्त संघ प्रिय ने विधानसभा वार नाला सफाई की जानकारी ली तथा प्रत्येक नाले पर की गई सफाई को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाला सफाई का कार्य गंभीरता से करें तथा जो भी संसाधन की आवश्यकता है, आपस में समन्वय कर संसाधनों का उपयोग करें और नाला सफाई कार्य करायें। इसके पश्चात सीवर लाइन की सफाई की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जानकारी ली कि अमृत की सीवर लाइनों की सफाई की क्या स्थिति है तथा बारिश के पूर्व हर हाल में सभी लाइनें साफ हो जाऐं एवं इसकी प्रगति की जानकारी बनाकर दें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सीवर संधारण के ठेकेदार भी गंभीरता से कार्य करें यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। सीवर सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कॉलेज के लिए घर से निकला युवक लापता, गुमशुदगी दर्ज



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** किलागेट थाना क्षेत्र के बाबा कपूर, लखेरा गली (तामेश्वर महादेव मंदिर के पास) का रहने वाला 20 वर्षीय युवक युयुत्सु सिंह राघव उर्फ निक्की रहस्यमय ढंग से लापता हो गया है। परिजनों के अनुसार, वह 27 मई को सुबह करीब 10 बजे कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लगा है। काफी खोजबीन के बाद भी जब युवक का पता नहीं चला, तो परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। लापता युवक का रंग गेहुंआ है। यदि यह युवक किसी को भी कहीं दिखाई दे, तो तुरंत इसके परिजनों को मोबाइल नंबर 7804994985 पर सूचना दी जा सकती है।

# माहेश्वरी महिला मंडल का पद प्रभार कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** ग्वालियर जिला माहेश्वरी महिला मंडल का पद प्रभार कार्यक्रम श्याम वाटिका में हुआ। महेश वंदना और तत्पश्चात हनुमान चालीसा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। निवर्तमान जिला अध्यक्ष सविता पेड़ीवाल, सचिव रश्मि मालू एवं कोषाध्यक्ष रश्मि माहेश्वरी ने सभी का स्वागत करते हुए वर्तमान कार्यकाल में किए गये कार्यों का उल्लेख किया तथा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए।

आगामी सत्र के लिए पदभार नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या गोदानी, सचिव रश्मि टावरी एवं कोषाध्यक्ष गायत्री जाजू एवं उनकी संपूर्ण टीम को सौंपा। रश्मि मालू द्वारा सचिव रिपोर्ट एवं रश्मि माहेश्वरी द्वारा कोष रिपोर्ट का विस्तृत विवरण दिया गया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. वंदना खटोड़ का सहयोग रहा। नवनिर्वाचित प्रदेश सचिव रेनू झंवर, समिति सहसचिव डॉ. सुनीता नागोरी, संभागीय उपाध्यक्ष विशाखा माहेश्वरी एवं संयुक्त सचिव डॉ. भारती भूतड़ा का जिला स्तर पर सम्मान किया गया। सविता पेड़ीवाल ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। प्रदेश स्तर पर निर्धारित किए गए सम्मान पत्र भी संगठन की बहनों को दिए गए। पिछले तीन सत्रों से प्रादेशिक स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली सभी बहनों को मंच से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रियदर्शनी नागोरी, वीना राठी ,निरुपमा मालपानी, लता चांडक, आरती डागा, प्रीति होलानी, अनीता महेश्वरी,नीलू लोईवाल, पूनम लोईवाल, नीलम भूतड़ा मंजू माहेश्वरी नीता महेश्वरी आदि मौजूद रहीं।

# मजदूरों के बीच जल दान व साफी वितरण कार्यक्रम हुआ

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 मई।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर मेहनतकश श्रम साधकों के मध्य सेवा भारती ने जल दान (1/2 लीटर पानी बोटल/500) किया तो भारत विकास परिषद शाखा-समर्पण ने गर्मी के बचाव के लिए 100 साफी श्रम साधकों को वितरित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग पांडेय एडिशनल एसपी, प्रवीण अग्रवाल अध्यक्ष चेम्बर ऑफ कॉमर्स, विशिष्ट अतिथि मोहनी वर्मा थाना प्रभारी हुजरात कोतवाली, विनोद जैन प्रान्तीय संयोजक संस्कार, विनोद गर्ग, सुरेन्द्र प्रधान,शशांक सोमानी, संजय धवन, महेश धीमान, पंकज शर्मा ने सभी उपस्थित बच्चों को वेफ्रस, बिस्कुट, पानी की बोटल दी ।

अनुराग पांडेय एडिशनल एसपी ने गर्मी के मौसम मे ऐसे सेवा कार्य और राष्ट्रगान जो प्रतिदिन ठीक सुबह 8:30 पर भी इतनी गर्मी मे भी प्रतिदिन चल रहा है, की दिल से तारीफ की। डॉ प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जब 2018 मे 2 मिनट राष्ट्र के नाम राष्ट्रगान की शुरुआत हुई थी तब भी मे उपस्थित था ओर आज आठ वर्ष पूर्ण हो रहे हे मैं दिल से सैल्यूट करता हूं।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95